सुविचार
जिंदगी एक जंगल है। जीना चाहते हो तो लड़ना सीखो, बचना नहीं।

कुल पेज 22, मूल्य ₹ 5.00

देश का नंबर 1 अख़बार

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

झुंझुनूं, राजस्थान | मंगलवार 6 जनवरी, 2026 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी ने चार प्रौद्योगिकियां और एक उत्पाद उद्योगों को किए हस्तांतरित, प्रयोगशाला का लोकार्पण

डीएसआईआर के स्थापना दिवस पर सीरी की लैब-टू-मार्केट पहल को मिली गति

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

डीएसआईआर स्थापना दिवस के अवसर पर सीरी पिलानी द्वारा विकसित चार स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण तथा एक उत्पाद का लोकार्पण किया गया।

नई दिल्ली में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय सूद, सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी तथा सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया मौजूद रहे। समारोह में एआई सक्षम पुनः उपयोग योग्य वाइटल्स मॉनिटरिंग पैच, जो निरंतर एवं दूरस्थ स्वास्थ्य देखभाल को सक्षम बनाते हैं। एंडो ट्राई फ्लो उन्नत फ्लूड मैनेजमेंट सिस्टम, जो न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी में सुरक्षा और सटीकता को बढ़ाता है, दूध की गुणवत्ता के त्वरित एवं विश्वसनीय परीक्षण के लिए एमबीआरटी एनालाइजर तथा पीएक्स-4 आधारित ड्रोन फ्लाइट कंट्रोलर, जो वाणिज्यिक एवं अनुसंधान अनुप्रयोगों में मेक इन इंडिया यूएवी क्षमताओं को सुदृढ़ करता है, शामिल रहे। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के अनुरूप विकसित एक आईओटी सक्षम, फील्ड डिप्लॉयबल डिजिटल जलगुणवत्ता परीक्षण किट जल प्रयोगशाला का भी लोकार्पण किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्रसिंह ने सीरी निदेशक डॉ. पंचारिया व उनकी टीम की प्रौद्योगिकी को उद्योगों के माध्यम से बाजार तक पहुंचाने वाली लैब टू मार्केट अवधारणा की प्रशंसा की।

पिलानी. समझौता पत्र हस्तांतरित करते अधिकारी।